**2024**

HINDI

( Honours Elective )

Paper : HIN–HE–5016

**( लोकसाहित्य-चिन्तन )**

*Full Marks* : 80

*Time* : 3 hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×10=10

(क) लोकसाहित्य-अध्ययन की किसी एक समस्या का नामोल्लेख कीजिए।

(ख) 'फोकलोर' का समानार्थवाचक शब्द हिन्दी में क्या है?

(ग) भारतीय धर्मशास्त्रियों ने कितने संस्कारों का विधान किया है?

(घ) डॉ० कृष्णदेव उपाध्याय ने लोककथाओं को कितने वर्गों में विभाजित किया है?

(ङ) 'लिंग्विस्टिक सर्वे ऑफ इंडिया' नामक ग्रंथ के लेखक कौन हैं?

(च) 'बृहत्कथा-श्लोक-संग्रह' नामक ग्रंथ के रचयिता कौन हैं?

(छ) 'झुमुरा नाट' भारत के किस राज्य का लोकनाट्य है?

(ज) जाति-संबंधी किसी एक गीत का नामोल्लेख कीजिए।

(झ) रासलीला की कोई एक विशेषता लिखिए।

(ञ) 'भवाई' भारत के किस राज्य का अत्यंत प्रसिद्ध लोकनाट्य है?

**2.** निम्नलिखित प्रश्नों के अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2×5=10

(क) लोकसाहित्य के संग्रहकर्ता द्वारा प्रयुक्त उपादानों में से किन्हीं दो आंतरिक साधनों के नाम लिखिए।

(ख) लोक-संस्कृति और लोकसाहित्य के बीच कोई दो अंतर बताइए।

(ग) 'नागकथा' की विषय-वस्तु क्या है?

(घ) 'कजली' का वर्ण्य-विषय क्या है?

(ङ) लोकनाटकों की लोकप्रियता के कोई दो कारण दर्शाइए।

**3.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 5×4=20

(क) लोकवार्ता से आप क्या समझते हैं?

(ख) साहित्य और लोक का अंतर्संबंध स्पष्ट कीजिए।

(ग) श्रम-संबंधी गीत का परिचय दीजिए।

(घ) लोकनाट्य 'नौटंकी' पर एक टिप्पणी लिखिए।

(ङ) रामलीला के स्वरूप को स्पष्ट कीजिए।

(च) अंधविश्वास के स्वरूप पर प्रकाश डालिए।

**4.** निम्नलिखित प्रश्नों के सम्यक् उत्तर दीजिए : 10×4=40

(क) "लोकसाहित्य लोक-संस्कृति का दर्पण है।" सिद्ध कीजिए।

**अथवा**

लोकवार्ता के विभिन्न सम्प्रदायों का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

(ख) भारत में लोकसाहित्य के अध्ययन के इतिहास पर संक्षेप में आलोकपात कीजिए।

**अथवा**

लोककथाओं की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

(ग) लोकगीत का क्या तात्पर्य है? अर्थ एवं परिभाषा के संदर्भ में उसके तत्त्वों का निर्धारण कीजिए।

**अथवा**

संस्कार-संबंधी गीतों का विस्तृत विवेचन कीजिए।

(घ) हिन्दी लोकनाट्य की परम्परा पर एक लेख प्रस्तुत कीजिए।

**अथवा**

लोकनाट्य के रंगमंच के स्वरूप एवं उसके उपादानों पर प्रकाश डालिए।

★ ★ ★